संख्या- 226 /2022 / 2809 /चार-2022

प्रेषक ,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ : दिनाक 30 दिसम्बर, 2022

विषय- पद्मविभूषण गिरिजा देवी जी की स्मृति समारोह के आयोजन हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2799/सं0नि0-15(40)/2021-22, दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पद्मविभूषण गिरिजा देवी जी की स्मृति समारोह के आयोजन हेतु सम्यक् विचारोपरान्त चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में रू0 65.00 लाख (रूपये पैंसठ लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं-

(**1)** समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(3) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी**,** व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(4) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पादित किये जाने हेतु संस्कृति निदेशालय द्वारा धनराशि आहरित कर सचिव**,** उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी**,** लखनऊ को उपलब्ध करा दी जायेगी जिनके द्वारा समस्त भुगतान आदि की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर समस्त कार्यक्रमों के फोटोग्राफ**,** वीडियो आदि का विवरण तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र सस्कृति निदेशालय व शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि के संबंध में वित्त विभाग के मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के संबंध में निर्गत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत ही व्यय किया जायेगा।

3- उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-18-पद्मविभूषण गिरिजा देवी जी की स्मृति में समारोह-42-अन्य व्यय मद से किया जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अनु सचिव

संख्या- 30 /2022/ 2809 (1)/चार-2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ ।
5- वित्त(लेखा)अनुभाग-1/वित्त(ई-7)अनुभाग, उ0प्र0शासन।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।